प्रतिवेदन

इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला

श्री गुजराती समाज बी. एड. महाविद्यालय, इंदौर में दिनांक 29 अगस्त 2024 को इको फ्रेंडली गणेश मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाना सिखा। गणेश जी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए महाविद्यालय द्वारा "राह्हिती कॉलेज ऑफ़ आर्ट एंड डिजाइन, महू", की प्रोफेसर डॉक्टर सोनाली जैन को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेश भाई धरमसी, अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण दम्मानी उपस्थित थी। सभी उपस्थित गणमान्य का स्वागत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान डॉ. सोनाली ने गणेश जी की कलात्मक प्रतिमा बनाने के साथ ही मिट्टी से बनाई जाने वाली प्रतिमा में ध्यान रखने वाली बातों को विस्तृत रूप में समझायां और बताया कि प्रतिमा बनाते वक्त मिट्टी के आकारों को आपस में पूरी तरह जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा न करने पर प्रतिमा में क्रैक आने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि घर पर ही मिट्टी को आसान और किफायती तरीके से बनाया जा सकता है तथा बहुत ही सरल शब्दों में वह तरीका भी समझाया। साथ ही उन्होंने प्रयुक्त किए जाने वाले इको फ्रेंडली रंगों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि- घर पर ही कुमकुम, हल्दी व सिंदूर को घी में मिलाकर या साधारण तरीके से ही गणेश जी की प्रतिमा पर रंग किये जा सकते हैं। शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों ने डॉ. सोनाली द्वारा बताई गई विशेष व अमूल्य जानकारी को सराहा । सभी शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने काली मिट्टी, पीली मिट्टी, शाडू मिट्टी से गणेश जी की सुंदर मूर्तियों का निर्माण किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण दम्मानी ने शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों को गणेश जी की इको फ्रेंडली प्रतिमा बनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के महत्व को बताया। समस्त शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ ने अपने घर में भी गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना करने का संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन सहा. प्राध्यापक कीर्ति यादव द्वारा किया गया तथा आभार सहा. प्राध्यापक अंबर वारसी द्वारा व्यक्त किया गया।

डॉ. श्रीमती किरण दम्मानी
प्राचार्य
श्री गुजराती समाज
बी. एड. कॉलेज, इन्दौर



डॉ. श्रीमती किरण दम्मानी
प्राचार्य
श्री गुजराती समाज
बी. एड. कॉलेज, इन्दौर